हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 सितंबर -- 2026 समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के फिनटेक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की है। मुंबई में 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि फिनटेक की सफलता की कहानी में एकीकृत भुगतान इंटरफेस - यूपीआई का निर्विवाद रूप से महत्वपूर्ण योगदान है।

भारत की फिनटेक स्टोरी अद्भुत रही है और इसका एक बड़ा चैंपियन है हमारा यूपीआई। मैंने पिछले साल भी इसकी चर्चा की थी, लेकिन यह इतनी बड़ी ट्रांसफॉर्मेशन है कि जब भी फिनटेक की चर्चा होगी तो वो यूपीआई के बिना अधूरी ही होगी।

प्रधानमंत्री ने बताया कि केवल अगस्त महीने में यूपीआई के माध्यम से 24 अरब से अधिक लेनदेन हुए। प्रधानमंत्री ने भारत की प्रमुख डिजिटल भुगतान प्रणाली के वैश्विक विस्तार का जिक्र करते हुए बताया कि यूपीआई अब 11 देशों में उपलब्ध है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान के लिए अगले रणनीतिक चरण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए यूपीआई को साझेदार देशों की घरेलू भुगतान प्रणालियों के साथ तत्काल एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि वैश्विक स्तर पर डिजिटल भुगतान प्रणालियों को एकीकृत करने से लोगों को स्वदेश में अपने परिवारों को धन भेजने में काफी तेजी आएगी।

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है।

वे होडल में पत्रकारों से बातचीत में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से संबंधित प्रश्नों के  उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने सफाई कर्मचारियों की लगभग 12 मांगों को स्वीकार कर लिया है, जबकि शेष मांगों पर भी सरकार द्वारा गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों से ड्यूटी पर लौटने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान बातचीत और आपसी सहमति के माध्यम से किया जाए।

************************************************************

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में हुए हादसे के बाद  पंचकूला प्रशासन द्वारा पंचकूला में पुरानी और जर्जर इमारतों की पहचान के लिए सर्वे करवाया जा रहा है।

पंचकूला के मेयर श्यामलाल बंसल ने बताया कि  पंचकूला के सभी वार्डों में ऐसी सरकारी इमारतों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं, जो काफी पुरानी या जर्जर हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान अगर कोई इमारत खस्ताहाल पाई जाती है, तो भवन  की  स्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुरानी इमारत को गिराकर उसके स्थान पर नया भवन बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा पंचकूला में चल रहे पीजी की भी जांच की जाएगी। पीजी संचालकों का पंजीकरण  सुनिश्चित करने के साथ-साथ यह जांच भी की जाएगी कि इन इमारतों में सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं।

श्री बंसल ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी भी संभावित हादसे को रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

************************************************************

चंडीगढ़ के गांव कैंबवाला में कल जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा अनधिकृत निर्माणों और अतिक्रमणों को हटाया गया। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट निशांत कुमार योदव के निर्देशों पर की गई।

इस कार्रवाई के दौरान लगभग 118 कनाल भूमि से अतिक्रमण हटाए गए जिनमें मुख्य रूप से फार्महाउसों से सटे खुले क्षेत्रों में बनाई गई चारदीवारियों और अन्य अतिक्रमण शामिल रहे।

***************************************************************

हरियाणा सरकार ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पाकिस्तान में 22 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित होने वाले धार्मिक समारोहों में भाग लेने के लिए सिख संगत से आवेदन आमंत्रित किए हैं।
इच्छुक सिख श्रद्धालु अपने आवेदन 12 सितंबर तक या उससे पहले कुरुक्षेत्र में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास जमा करवा सकते हैं।

***************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए तुरन्त प्रभाव से 16 आईएएस और 10 एचसीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं।

***************************************************************